Seventeenth Loksabha

>

Title: Reuqest to expedite the recruitment process of government vacant post in Ladakh.

श्री जामयांग शेरिंग नामग्याल (लद्दाख): माननीय अध्यक्ष महोदय, बहुत-बहुत धन्यवाद ।

महोदय, मैं यूनियन टेरिटरी ऑफ लद्दाख में रोजगार से संबंधित विषयों को उठाना चाहता हूं । यू.टी. लद्दाख में अभी हजारों की संख्या में वैकेन्सीज हैं । दूसरी तरफ, बेराजगार युवक भी हजारों की संख्या में हैं । यह ज़ाहिर बात है कि नया यू.टी. बनने के बाद रिक्रूटमेंट रूल्स बनने में समय लगा है । जम्मू-कश्मीर से अपॉर्शनमेंट होने में टाइम लगा है । मैं सरकार को धन्यवाद भी देता हूं कि रिक्रूटमेंट रूल्स टाइम पर बना और उसमें दो सालों का रिलैक्सेशन भी दिया और लद्दाख रेसिडेंट सर्टिफिकेट भी दिया ।

महोदय, मेरी आपके माध्यम से मांग है कि जितनी भी पोस्ट्स खाली पड़ी हैं, चाहे वे डिस्ट्रिक्ट कैडर्स की हों, उन्हें जल्द से जल्द एडवर्टाइज़ करके, उसमें अप्वायंटमेंट करके उसे जल्द से जल्द एक्सपेडाइट करें और रिक्रूटमेंट के प्रोसेस को जल्दी करें । विशेष रूप से, करीब 830 पोस्ट्स को एस.एस.सी. को रेफर किया गया है, उस पर जल्द से जल्द रिक्रूटमेंट करें ।

सर, गजेटेड पोस्ट्स के लिए एक पिपुल-फ्रेंडली डिसीजन जल्द से जल्द हो और उसमें जितना हो सके, लद्दाख के रेसिडेंट्स को लद्दाख में गजेटेड पोस्ट्स पर सर्विस करने के लिए प्रिफेरेंस दें क्योंकि बहुत सारे अच्छे क्वालीफाइड यूथ्स नए यू.टी. लद्दाख को खड़ा करने के लिए काम करना चाहते हैं ।

लद्दाख एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस, लद्दाख पुलिस सर्विस और लद्दाख फॉरेस्ट सर्विस का कैडर क्रिएशन हो । लद्दाख के लिए आई.ए.एस., आई.पी.एस. और आई.एफ.एस. के लिए कैडर स्ट्रेंग्थ का नंबर फिक्स किया जाए ।

सर, मेरा लास्ट प्वाइंट इसी एम्प्लाएमेंट से रिलेटेड है । अभी जितने भी ऑफिसर्स जम्मू-कश्मीर से लद्दाख में डेपूटेशन के लिए आए हैं, वे हाई ऐल्टिटूड पर आए हैं । उनको अलाउएन्सेस मिलें, ताकि लद्दाख के मेन पॉवर के शॉर्टेज में ज्यादा से ज्यादा कंट्रीब्यूट कर पाए । लद्दाख की कॉस्ट ऑफ लिविंग बहुत हाई है । आपने भी खुद लद्दाख का विजिट किया है । इसे आपने भी अच्छी तरह से देखा है ।

सर, मेरा लास्ट प्वाइंट है, जितना हो सके, उतना रिक्रूटमेंट प्रोसेस को एक्स्पिडाइट करे और सरकार बेरोजगारी को जल्दी से जल्दी खत्म करने की कृपा करे । मैं आपके माध्यम से लद्दाख के पूरे अनएम्प्लाएड यूथ की ओर से सरकार से माँग करता हूँ ।